आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 11.07.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा –भारत वैश्विक मूल्य श्रृंखला में एक भरोसेमंद भागीदार बनने की राह पर है।
- पशुपालन के क्षेत्र में नई जानकारी पहुंचाने के लिए विभाग ने 'पशु पक्षी और हम' नामक रेडियो कार्यक्रम शुरू किया है।
- पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में आज विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जा रहा है।
- 76वें वन महोत्सव के सिलसिले पर द्वीपसमूह में कई कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे है।

<><><><><><><>

उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत एक विश्वसनीय अर्थव्यवस्था, वैश्विक मूल्य श्रृंखला में एक भरोसेमंद भागीदार और अ–स्थिर दुनिया में एक स्थिर आधार बनने की सही राह पर है। नई दिल्ली में सी.आई.आई.–आई.टी.सी. सस्टेनेबिलिटी अवाड्र्स समारोह को संबोधित करते हुए, उप–राष्ट्रपति ने कहा कि इस समय दुनिया उथल–पुथल और अ–शांति के दौर से गुज़र रही है। वैश्विक व्यवस्था में सुधार के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। इस अ–शांत माहौल में, आपूर्ति श्रृंखला में रुकावट आ रही है।

उप–राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सरकार, सरकार–केंद्रित दृष्टिकोण से आगे बढ़कर समग्र समाज ढाँचे की ओर बढ़ रही है। राज्य और स्थानीय सरकारें, नागरिक समाज, निजी क्षेत्र के खिलाड़ी और समुदाय, सभी प्रगति के इस इंजन में महत्वपूर्ण पुर्जे हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमें वास्तविक सफलता हासिल करनी है, तो इस इंजन को पूरी ताकत से काम करना होगा। श्री धनखड़ ने कहा कि सरकार कई नवोन्मेषी कदम उठाकर अपना योगदान दे रही है, लेकिन असरदार बदलाव लाने के लिए उद्योग जगत को भी एक बड़ा कदम उठाना होगा। उन्होंने उद्योग जगत से भविष्य के लिए पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए शिक्षा जगत, प्रशिक्षण संस्थानों और सरकार के साथ मिलकर काम करने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने विभागीय योजनाओं, उभरती प्रौद्योगिकियों और पशुपालन के क्षेत्र में नवीनतम जानकारी प्रसारित करने के लिए आकाशवाणी के माध्यम से एक किसान संपर्क कार्यक्रम शुरू किया है। पशुपालन के क्षेत्र में नई जानकारी ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले किसानों तक लगातार पहुँचना

एक चुनौती रहा है, जिसका रेडियो एक लोकप्रिय और प्रभावी माध्यम है। इसी संबंध में विभाग ने 'पशु पक्षी और हम' नामक एक रेडियो कार्यक्रम शुरू किया है, जिसका विषय 'स्वस्थ पशु, समृद्ध किसान' है। इस पहल में लाइव, इंटरैक्टिव कॉल–इन सत्र और टॉक शो शामिल हैं, जो किसानों की मौसमी और विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। शुरुआती चरण के रूप में, प्रत्येक सोमवार शाम 6 बजे से 6.30 बजे तक प्रसारण के लिए 12 एपिसोड की एक श्रृंखला तैयार की गई है। प्रत्येक एपिसोड पशु स्वास्थ्य और प्रबंधन प्रथाओं से संबंधित विषय पर केंद्रित है।

<><><><><><><>

मत्स्य पालन विभाग की ओर से कल मरीन हिल स्थित मत्स्य पालन प्रशिक्षण केंद्र में राष्ट्रीय मत्स्य कृषक दिवस 2025 मनाया। इस उद्देश्य द्वीपसमूह के मछली उत्पादन को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम में मत्स्य पालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. के. गोपाल, और जलीय कृषि वैज्ञानिक  चित्तरंजन राउल सहित मत्स्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर सिप्पीघाट पंचायत के 13 मत्स्य कृषकों को निःशुल्क भारतीय मेजर कार्प के मछली बीज प्रदान किए गए।यह कार्यक्रम प्रोफेसर डॉ. हीरालाल चौधरी और डॉ. के.एच. अलीकुन्ही द्वारा भारतीय जलीय कृषि में अभूतपूर्व उपलब्धि के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। श्री चित्तरंजन राउल द्वारा 'भारत में जलीय कृषि का इतिहास और हाल के रुझान' पर एक विशेष तकनीकी सत्र प्रस्तुत किया गया।

<><><><><><><>

प्रशासन के मुख्य सचिव की ओर से जारी निर्देश के अनुसार कल जहाजरानी सेवा  निदेशालय स्थित मरीन डॉकयार्ड में सुनामी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह ड्रिल आपदा प्रबंधन नोडल अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित की गई।  इस संपूर्ण अभ्यास समन्वित तरीके से किया गया। निदेशालय ऐसे तैयारी अभ्यासों के माध्यम से सभी कर्मचारियों और संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिनका उद्देश्य सुनामी और अन्य आपात स्थितियों जैसी प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए तैयार है।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ केंद्रशासित प्रदेश स्वास्थ्य मिशन, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सहयोग से, आज द्वीपसमूह में विश्व जनसंख्या दिवस मना रहा है। इस वर्ष का विषय है: 'नियोजित पितृत्व के लिए स्वस्थ समय और गर्भधारण के बीच अंतराल'। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग पूरे द्वीपसमूह में जागरूकता कार्यक्रम

आयोजित कर रहा है, जिसमें पंचायती राज संस्थाएँ, पैरामेडिकल कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, युवा क्लब, महिला स्वास्थ्य संघ, स्वयं सहायता समूह, छात्र और आशा कार्यकर्ता शामिल हैं।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष–2025 के अंतर्गत सहकारिता विभाग ने अंडमान निकोबार राज्य सहकारी संघ, टेलराबाद के परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' विषय पर वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में सहकारिता सचिव मुख्य अतिथि थे। इस अभियान में सहकारिता विभाग, वन विभाग, निदेशक मंडल, अंडमान निकोबार राज्य सहकारी संघ के संकाय और प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। वन महोत्सव के दो दिवसीय अभियान के दौरान वन विभाग के सहयोग से 700 से अधिक फलदार वृक्षों के पौधे लगाए गए। सहकारिता सचिव ने अपने संबोधन में पारिस्थितिक संतुलन और सामुदायिक कल्याण को बढ़ाने में वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रधानमंत्री के "सहकार से समृद्धि" और विकसित भारत के दृष्टिकोण का भी उल्लेख किया। उन्होंने सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने में सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

<><><><><><><>

डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान, श्री विजयपुरम और राजकीय पॉलिटेक्निक, डिगलीपुर में शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए विभिन्न विभागों में अतिथि संकायों और अंशकालिक प्रशिक्षकों की भर्ती के लिए सत्रह से इक्कीस जुलाई तक वॉक इन इंटरव्यू लिया जाएगा। दोनों संस्थानों के लिए साक्षात्कार डीब्रेट में आयोजित किया जाएगा। योग्यता और साक्षात्कार का कार्यक्रम विवरण संस्थान की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता हैं ।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

भारत का एक वैश्विक शक्ति के रूप में उदय होना आवश्यक है–उप–राष्ट्रपति के नई दिल्ली में भारतीय ज्ञान प्रणाली पर वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन के संबोधन को द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी पहली बड़ी खबर बनाया है। द्वीप समाचार ने आदिवासी छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए तलाश पहल की शुरूआत करने के समाचार को प्रमुखता दी है। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष मनाए जाने के खबर को द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने पहले पन्ने के निचले भाग में सचित्र प्रकाशित किया है। द इको ऑफ इंडिया ने

आज विश्व जनसंख्या दिवस मनाए जाने के समाचार को अपने अखबार के मध्य में जगह दी है, जबकि चिड़ियाटापू के जैविक उद्यान में 76वां वन महोत्सव मनाए जाने के समाचार को इंफो इंडिया ने प्रकाशित किया है।